(viii) 'ताजी कविता' से क्या आशय है?

(ix) 'साकेत' की सबसे महत्त्वपूर्ण देन क्या है?

(x) कामायनी का प्रथम सर्ग कौन–सा है?

(xi) निराला को 'निराला' नाम किसने दिया?

(xii) 'राम की शक्ति पूजा' किस श्रेणी की रचना है?

(xiii) 'दिनकर' को किस धारा का कवि माना जाता है?

(xiv) 'महाशून्य' किस दर्शन का शब्द है?

(xv) महाप्रज्ञजी का मूलनाम क्या है?

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2016

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**प्रथम पत्र : आधुनिक काव्य**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(अ) सींचें बस मालिने, कलश लें, कोई न ले कर्त्तरी
शाखी फूल फलें यथेच्छ बढ़कें, फैलें लताएँ हरी।
क्रीडा–कानन–शैल यन्त्र–जल में संसिक्त होता रहे
मेरे जीवन का, चलो सखि, वही सोता भिगोता बहे?

(ब) सुना यह मनु ने मधु गुंजार
मधुकरी का सा जब सानन्द
किये मुख नीचा कमल–समान
प्रथम कवि का ज्यों सुन्दर छन्द,
एक झिटका–सा लगा सहर्ष
निरखने लगे लुटे–से कौन
गा रहा यह सुन्दर संगीत
कुतूहल रह न सका फिर मौन।

(स) समर निंघ है धर्मराज, पर,
कहो शान्ति व्ह क्या है
जो अनिति पर स्थित होकर भी
बनी हुई सरला है?

सुख–समृद्धि का विपुल कोष
संचित कर कल, बल, छल से
किसी क्षुघित का ग्रास छीन
धन लूट किसी निर्बल से

सब समेट, प्रहरी बिठला कर
कहती कुछ मत बोलो,
शान्ति–सुघा बह रही, न इसमें
गरल क्रान्ति का घोलो।

(द) मैंने देखा
एक बूँद सहसा
उछली सागर की झाग से
रैंगी गयी क्षण–भर
दलते सूरत की आग से।
मुझ को दीखा गया
सूने विराट् के सम्मुख
हर आलोक–हुआ अपनापन
है उन्मोचन
नश्वरता के दाग से

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x10=20

(अ) मैथिलीशरण गुप्त की रचनाओं का विस्तार से परिचय दीजिए।

अथवा



कामायनी के शिल्पविधान की समीक्षा कीजिए।

(ब) छायावादी कवियों में निराला का महत्त्व एवं स्थान निर्धारित कीजिए।

अथवा

'ऋषभायण' का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4=20

(i) आधुनिक काल की सामाजिक परिस्थिति का उल्लेख कीजिए।
(ii) नई कविता का परिचय दीजिए।
(iii) साकेत के नवम सर्ग का सार संक्षेप लिखिए।
(iv) प्रसाद की महत्त्वपूर्ण रचनाओं का परिचय दीजिए।
(v) नदी के द्वीप कविता का परिचय दीजिए।
(vi) कुरूक्षेत्र का संदेश स्पष्ट कीजिए।
(vii) दूसरा सप्तक के कवियों का नाम लिखिए।

प्र. 4. निम्नांकित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10 x 1= 10

(i) आधुनिक काल की प्रमुख विशेषताएं क्या है?
(ii) भारतेन्दु का पूरा नाम क्या है?
(iii) द्विवेदी युग की प्रमुख विशेषता क्या है?
(iv) छायावाद की प्रमुख विशेषता क्या है?
(v) प्रयोगवाद के प्रवर्त्तक का क्या नाम है?
(vi) कार्लमार्क्स के सिद्धांत का क्या नाम है?
(vii) 'अंकविता'के प्रवर्त्तक कौन है?

(vi) 'लज्जा स्त्रियों का गहना नहीं हैं' ऐसा किस निबंधकार ने अपने किस निबंध में लिखा है?

(vii) 'भारतीय साहित्य की एकता से क्या आशय है' नंददुलारे वाजपेयी के मतानुसार बताइए।

(viii) 'हल्दी – दूब और दधि–अच्छत' निबंध के लेखक का नाम लिखो।

(ix) 'पुरस्कार' कहानी की प्रमुख नारी पात्र का नाम बताइए।

(x) 'मंत्र' कहानी में अपने कर्त्तव्य से मुख मोड़ने वाले चिकित्सक का नाम बताइए।

(xi) पाजेब किस प्रकार की कहानी है?

(xii) 'गुलकी बन्नो' कहानी के रचयिता का नाम लिखो।

(xiii) 'राजा निरबंशिया' को निरबंशिया क्यों कहा गया है?

(xiv) महादेवी वर्मा को उनकी 'यामा' कृति पर कौनसा पुरस्कार मिला?

(xv) 'पथ के साथी' में कितने संस्मरण सम्मिलित है? संख्या लिखे।

(xvi) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य का अभिष्ट क्या था?

(xvii) सुभद्राकुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता कौनसी है?

(xviii) 'कौन बहन ऐसे भुक्कड़ को भाई बनावेगी' यह वाक्य किसने किसके लिए कहा?

(xix) जयशंकर प्रसाद का व्यक्तिगत जीवन किसकी अनुभूति देता है?

(xx) किशोरीलाल गोस्वामी की किस कहानी को हिंदी की प्रथम कहानी माना जाता है?

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## द्वितीय पत्र : गद्य साहित्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्न में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 3x8=24

(i) गरीबों में अगर ईर्ष्या या बैर है तो स्वार्थ के लिए या पेट के लिए। ऐसी ईर्ष्या और बैर को मैं क्षम्य समझता हूँ। हमारे मुंहकी रोटी कोई छीन ले तो उसके गले में अंगुली डालकर निकालना हमारा धर्म हो जाता है। अगर हम छोड़ दें तो देवता हैं। बड़े आदमियों की ईर्ष्या और बैर केवल आनन्द के लिए है। हम उतने बड़े आदमी हो गए हैं कि हमें नीचता और कुटिलता में ही निःस्वार्थ और परम आनन्द मिलता है। हम देवतापन के उस दर्जे पर पहुंच गए हैं, कि हमें दूसरों के रोने पर हंसी आती है, इसे तुम छोटी साधना मत समझो।

(ii) मानव कब दानव से भी दुर्दांत, पशु से बर्बर और पत्थर से भी कठोर, करुणा के लिए निरवकाश हृदयवाला हो जाएगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना लूंगा, फिर चिंता किस बात की?

(iii) मैं ऐसे व्यक्ति को अच्छी तरह समझती हूँ। तुम्हारे साथ उसका इतना ही संबंध है कि तुम एक उपादान हो, जिसके आश्रय से वह अपने से प्रेम कर सकता है, अपने पर गर्व कर सकता है। परन्तु तुम क्या सजीव व्यक्ति नहीं हो? तुम्हारे प्रति उसका या तुम्हारा कोई कर्त्तव्य नहीं है? कल तुम्हारी मां का शरीर नहीं रहेगा, और घर में एक समय के भोजन की व्यवस्था भी नहीं होगी, तो जो प्रश्न तुम्हारे सामने उपस्थित होगा, उसका तुम क्या उत्तर दोगी? तुम्हारी भावना उस प्रश्न का समाधन कर देगी। फिर कह दो कि यह मेरी नहीं, विलोम की भाषा है।

(iv) क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक पक्षी का निषाद द्वारा वध किया गया देख जिस कवि–शिरोमणि का हृदय दुःख से विदीर्ण हो गया, और जिसके मुख से 'मा निषाद' इत्यादि सरस्वती सहसा निकल पड़ी, वहीं पर दुःख–कातर मुनि रामायण निर्माण करते समय एक नव–परिणीता दुःखिनी वधू को बिल्कुल ही भूल गए।

प्र. 2. आलोचनात्मक प्रश्न (कोई दो) 2x10= 20

(i) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की तात्विक विवेचना कीजिए।

(ii) 'बाणभट्ट की आत्मकथा में प्रेम निरूपण' विषय पर एक आलोचनात्मक निबंध लिखिए।

(iii) हिंदी निबंध की विकासयात्रा को अपने शब्दों में रेखांकित कीजिए।

(iv) 'उसने कहा था' कहानी का कथासार समझाइए।



प्र. 3. लघुरात्मक प्रश्न (कोई चार) 4x4=16

(i) 'गोदान' के प्रमुख पात्रों का परिचय दीजिए।

(ii) निबंध के प्रमुख तत्त्व कौन–कौनसे हैं? समझाइए।

(iii) 'जो हमारा है, वही हमारा है, उसी से हमारी शोभा है' ऐसा लेखक क्यों कहते हैं?

(iv) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने चित्त के तीन गुणों के आधार पर जिन तीन मनोभावों का उल्लेख कि;यि है, उनकी मीमांसा कीजिए।

(v) तुलसीदासजी के साहित्य के बारे में प्रतिकूल मन की धारणा क्या है? सोदाहरण समझाइए।

(vi) 'राम–कथा के मिथक के निषाद–संस्कृति के बीज मिलते हैं' इस कथन को सतर्क सिद्ध कीजिए।

प्र. 4. अति लघुरात्मक प्रश्न 20x1=20

(i) गोदान उपन्यास में किन दो सभ्यताओं के अन्तर्द्वन्द्व को चित्रित किया गया है?

(ii) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' की पात्र भट्टिनी किसकी आराधना करती हैं?

(iii) निबंध के विषय में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के प्रसिद्ध वाक्य को लिखिए।

(iv) मैथिलीशरण गुप्त ने उर्मिला को नायक बनाकर किस महाकाव्य की रचना की?

(v) आदिकवि की उपाधि किसे दी गई है?

(ix) किस आलोचना में तुलना तत्त्व की प्रधानता होती है?

(x) मुक्तक क्या है?

(xi) सात्त्विक अनुभावों की संख्या कितनी हैं?

(xii) करुण रस का स्थायी भाव क्या है?

(xiii) किस आलोचक को शिक्षक आलोचक के रूप में याद किया जाता है?

(xiv) समाधि क्या है?

(xv) अरस्तू ने अनुकरण का क्या अर्थ लिया?

(xvi) उदात्त के कितने दोष है?

(xvii) वस्तुनिष्ठ समीकरण सिद्धान्त किसका है?

(xviii) कॉलरिज से सम्बन्धित रिचर्ड्स की कृति कौनसी थी?

(xix) फ्रायड जीवन की मूल प्रेरणा किसे कहते है?

(xx) विखण्डन को पहली बार आधुनिक साहित्य शास्त्र पर लागू करने वाले कौन है?

♦♦♦





# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा - 2016

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. काव्य हेतु क्या है? विभिन्न काव्य हेतुओं का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

'रस निष्पत्ति' सम्बन्धी विभिन्न व्याख्याओं का वर्णन कीजिए। 10

प्र. 2. लौंजाइनस का उदात्त क्या है? उदात्त के विभिन्न स्रोतों का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

'परम्परा की परिकल्पना और वैयक्तिक प्रज्ञा' के आधार पर एलियट के आलोचना कर्म का विश्लेषण कीजिए। 10

प्र. 3. 'स्वच्छन्दतावाद' क्या है? इस धारा की प्रमुख विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए।

अथवा

'उत्तर आधुनिकता' की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए। विभिन्न उत्तर आधुनिक विचारकों की मान्यताओं का मूल्यांकन प्रस्तुत कीजिए। 10

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– 10

हमको सपनेहू में सोच।
जा दिन ते बिछुरे नंदनंदन ता दिन तें यह पोच
मनो गोपाल आए मेरे घर, हँसि करि भुजा गही
कहा करौ बैरनि भई निंदिया, निमिष न और रही
ज्यों चकई प्रतिबिंब देखिकैं, आनंदी पिय जानि
सूर पवन भिस निठुर विधाता चपल करयो जल आनि।

अथवा

वह तोड़ती पत्थर
देखा मैंने उसे इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर
नहीं छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार
श्याम तन, भर बँधा यौवन
नत नयन प्रिय कर्म रत मन
गुरू हथौड़ा हाथ
करती बार–बार प्रहार
सामने तरू मालिका अट्टालिका, प्राकार।

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– 5 x 4 = 20

(i) 'सौन्दर्यमलंकार' का क्या तात्पर्य हैं?



(ii) ध्वनि क्या है?

(iii) प्लेंटों के अनुसार 'काव्य सत्य' क्या है?

(iv) अस्तित्ववादी दर्शन में 'स्वतंत्रता' का क्या अभिप्राय है?

(v) फ्रायड के अनुसार मन के तीन स्तर कौनसे है?

(vi) विरेचन क्या है?

(vii) आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्ति का विवेचन किस प्रकार किया?

(viii) औचित्य सिद्धान्त की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्र. 6. निम्नलिखित बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 20 x 1 = 20

(i) मम्मट की रचना का नाम बताइए?

(ii) सर्वश्रेष्ठ रीति किसे कहा गया है?

(iii) आश्रय क्या है?

(iv) भामह ने कुल कितने अलंकारों का उल्लेख किया है?

(v) आचार्य वामन ने रीति किसे कहा?

(vi) औचित्य को जीवित और रस को काव्यात्मा किसने कहा?

(vii) एडलर जीवन की मूल प्रेरणा को किससे जोड़ते हैं?

(viii) सहज ब्रजभाषा को षटभाषा का केन्द्र किसने कहा?

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## चतुर्थ पत्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्न सभी प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। 20 X 1 = 20

(i) सधुक्कड़ी भाषा का विकसित रूप किस कवि में मिलता है?

(ii) हिन्दी साहित्य के प्रारम्भिक काल को आदिकाल किसने नाम दिया है?

(iii) विजयपाल रासों के रचयिता कौन है?

(iv) संत शब्द किस धातु से बना है?

(v) 'परब्रहम सम्प्रदाय' की स्थापना सांभर में किसने की?

(vi) ''गुरू बिनु होय कि ज्ञान, ज्ञान कि होई बिराग बिन''पंक्ति के कवि कौन है?

(vii) रसखान किसके शिष्य थे?

(viii) घनानंद की प्रेमिका का क्या नाम था?

(ix) ''ललित ललाम'' किस कवि की रचना है?

(x) भारतेन्दु युगीन काव्य की कोई एक विशेषताए बताइए।

(xi) छायावाद के चार स्तम्भ कवियों के नाम लिखिए।

(xii) आधुनिक काल की मीरां किसे कहा जाता हैं?

(xiii) 'हालावाद' के प्रवर्तक कौन है?

(xiv) 'चिन्तामणि' कृति किस विद्या की है?

(xv) रेखाचित्र और संस्भरण में अन्तर बताईये?

(xvi) कैंटेसी का कवि कौन है?

(xvii) समानान्तर कहानी के जनक का नाम लिखिए।

(xviii) नई कविता की कोई एक विशेषताएं लिखिए।

(xix) 'नकेनवाद' के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

(xx) अज्ञेय की दो काव्य रचना के नाम बताइए।

प्र. 2. निम्न किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर (150 शब्दों में) दीजिए 5 x 4 = 20

(i) छायावादी काव्य की विशेषताएं बताइए।

(ii) प्रमुख सूफी कवियों और उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।

(iii) रीति काल की न्यूनताओं का उल्लेख कीजिए।

(iv) हिन्दी आलोचना में शुक्ल का योगदान बताइए।



(v) नई कहानी की प्रवृत्तियां लिखिए।

(vi) आंचलिक उपन्यासों का परिचय दीजिए।

(vii) सगुण भक्ति और निर्गुण भक्ति में अन्तर बताइए।

प्र. 3. निम्न किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 250 शब्दों में दीजिए 4 x 10 =40

(i) आदिकाल के नामकरण पर विस्तृत प्रकाश डालिए।

(ii) बिहारी मुक्तकाव्य के श्रेष्ठ कवि है। विवेचना कीजिए।

(iii) प्रयोगवादी काव्यधारा की प्रवृत्तियां बताइए।

(iv) द्विवेदी युग के राष्ट्रीय उद्बोधन पर प्रकाश डालिए।

(v) निगुर्ण कवियों का परिचय व योगदान बताईए।

(vi) प्रेमचन्द का साहित्यिक योगदान लिखिए।

(vii) 'तार सप्तक' पर विवेचनात्मक समीक्षा लिखिए।

♦♦♦

प्र. 2. किन्हीं पांच पर टिप्पणी लिखिए।  5 x 5 = 25

1. कालचक्र
2. जैन सम्प्रदाय
3. जैन कला
4. लोकवाद
5. जैन अर्थशास्त्र
6. लक्ष्य प्रबन्धन
7. स्वास्थ्य प्रबन्धन

प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। (कोई तीन)  15 x 3= 45

1. जैन संस्कृति की विशेषताएं विस्तार से लिखिए।
2. जैन आचार पर निबन्ध लिखिए।
3. जैन दर्शन में अध्यात्म का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।
4. जीवन विज्ञान और मूल्य विकास का वर्णन कीजिए।
5. तनाव प्रबन्धन का स्वरूप विस्तार से लिखिए।

♦♦♦



**D030**  **MHIN-05**

# एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा – 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

समय : 3.00 घण्टे  पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

प्र. 1. लघुत्तरात्मक प्रश्न  10 x 1 = 10

1. जैन की परिभाषा लिखिए।
2. ग्यारहवें तीर्थंकर का नाम लिखिए।
3. श्रमण शब्द का क्या अर्थ है?
4. मोक्ष तत्व को परिभाषित कीजिए।
5. तत्त्व कितने होते हैं?
6. प्रेक्षाध्यान किसे कहते हैं?
7. कषाय किसे कहते हैं?
8. जैन संस्कृति क्या हैं?
9. अंग आगम कितने हैं?
10. आकाश द्रव्य किसे कहते हैं?

प्र. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 15 x 1 = 15

(i) 'कविता रत्नाकर' किसकी प्रसिद्ध रचना है?

(ii) खड़ी बोली का प्रथम कवि किसे कहा जाता है?

(iii) रीतिकाल में वीर रस के कवि जिन्हें राष्ट्र कवि के रूप में प्रसिद्धि मिली।

(iv) तुलसी द्वारा रचित किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(v) बिहारी सतसई में बिहारी के कितने दोहों का संकलन है?

(vi) जायसीकृत पद्मावत की काव्य भाषा क्या है?

(vii) 'दुलहिन गावहुं मंगलाचार' पंक्ति किस संत कवि की है?

(viii) 'साहित्य लहरी' किसकी अमर कृति है?

(ix) बिहारी जयपुर में किस राजा के राज्याश्रित कवि थे?

(x) राघवचेतन व नागमती नामक पात्रों का संबंध कौन से प्रेमाख्यान से है?

(xi) ब्रजभाषा में रचित तुलसीदास की कोई एक रचना बताइये ।

(xii) भूषण की किन्हीं दो रचनाओं को लिखिये।

(xiii) 'पराधीन सपनेहु सुख नाहि' पंक्ति किस संत कवि की है?

(xiv) 'प्रेमवाटिका' नामक कृति के रचनाकार कौन है?

(xv) तुलसीदास को 'कलयुग का वाल्मीकि' किसने कहा?

(xvi) भक्ति को दक्षिण से उत्तर में लाने वाले कौन थे?

(xvii) शिवा बावनी व छत्रशाल दशक कृतियों के रचनाकार कौन है?

(xviii) सतसई परम्परा की प्रथम रचना किसे माना जाता है।

(xix) अष्ठछाप के सूरदास किसके शिष्य थे?

(xx) मीरां का जन्म स्थान कहां माना जाता है ?

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 3x10=30

(i) दुलहनी गावहु मंगलाचार
हम घरि आये हो राजा राम भरतार
तन रति करि मैं मनरत करि हूँ, पंच तत्त बाराती
रामदेव मोरै पाहुँने आये, मैं जोबन मैं माती
सरीर सरोवर बेदी करि हूँ, ब्रम्हा वेद उपचार
रामदेव संगि भाँवरी लैहूँ, घनि घनि भाग हमार
सुर तेतीसूँ कौतिग आये, मुनिवर सहस अठयासी
कहै कबीर हँम ब्याहि चले हैं पुरिष एक अविनासी

(ii) नैन श्रवन्नन पूछई। तुम जानो बहुमंत
मेरे जीय अंदेस है। कही न भै पियजंत
श्रवनन सन नैना कही। तुम जानौ चहुआन
काम नृपति को रूपघरि। आवत है इन थान

(iii) मेरी भव बाघा हरो राधा नागरि सोई
जा तन की झाँई परै, स्यामु हरित–दुति होई।।
सीस मुकुट कटि काछनी, कर मुरली उर माल।
यहि बानक मो मन सदा, बसौ बिहारी लाल।।

(iv) आयो घोष बडो व्यापारी।
लादि खेप गुण ज्ञान जोग की, ब्रज में आय उतारी।।
फाटक दैकर हाटक माँगत, भौंरे निपट सुघारी।
धुर री तें खोटो खायो है, लए फिरत सिर भारी।।
इनके कहे कौन डहकावै, रासी कौन अज्ञानी।
अपनो दूध छाँडि को पीवै, खार कूप को पानी।।
ऊधो जाहु सबार यहां ते बोगि गहरू जनि लावौं।
मुँ माग्यो पैहो सूरज प्रभु साहुहि आनि दिखाबो।।

(v) दामिनी नमक सुरचाप की चमक स्याम
घटा की झमक अति घेर घनघोर तैं
कोकिला, कलापी कूल कुज हैं जित–तित,
सीकर ते सीतल समीर की झकोर तैं
सेनापति आवन कह्यो है मनभावन सु
लाग्यो तरसावंन विरह–जुर जोर तैं
आयो सखि सावन, मदन सरसावन,
है लाग्यो बरसावन सलिल चहुंओर तैं

(vi) पैग पैग पर कुआ बावरी। साजी बैठक औ पांवरी।
औरू कुंड बहु ठांवहि ठांऊ। सब तीरथ और तिन्ह के नाऊं।
मढ़ मण्डप चहुं पास संवारे। जपा तपा सब आसन मारे।
कोई रिखेस्वर कोई सन्यासी। कोई रामजन कोई मसवासी।
कोई ब्रम्हाचर्ज पंथ लागे। कोई दिगम्बर आछहिं नांगे।
कोई सुरसती सिद्ध कोई जोगी। कोई निरास पंथ बैठ वियोगी।
कोई महेसुर जंगम जती। कोई एक परखे देबी सती
सेवरा खेवरा बान–परस्ती सिद्ध साधक अवधूत
आसन मारि बैठ सब जारि आत्मा भूत



प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2 x 10 = 20

(i) कबीर के काव्य को उनको युग का दर्पण कहा जाता है इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ii) तुलसीदास का परिचय देते हुये तुलसी की समन्वय भावना पर एक निबंध लिखिए।

(iii) हिन्दी प्रेमाख्यान काव्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुए जायसी के पद्मावत का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(iv) बिहारी ने गागर में सागर भरा है उक्ति के आधार पर बिहारी का काव्य वैशिष्टय निरूपित कीजिए।

(v) भ्रमरगीत परम्परा में सूरदास के स्थान एवं महत्त्व को निर्धारित कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 3 = 15

(i) रसखान की कृष्ण भक्ति पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ii) आदिकाल को वीरगाथा काल कहना कहां तक न्यायसंगत है?

(iii) कबीर के क्रान्तिकारी रूप को स्पष्ट कीजिए।

(iv) तुलसी की भाषा शैली 'रामचरित मानस' की लोकप्रियता का आधार है। स्पष्ट कीजिए।

(v) मीरां के काव्य कौसल पर टिप्पणी कीजिए।

(vi) सूरदास की रचनाओं का सामान्य परिचय दीजिए।

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. भाषा विज्ञान का स्वरूप स्पष्ट करते हुए इसके अध्ययन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

स्वन (ध्वनि) के भेद और स्वनिम विज्ञान के स्वरूप की विवेचना कीजिए।

प्र. 2. स्वनिक परिवर्तन की दिशाओं को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

वाक्य के प्रमुख प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. पालि भाषा की उत्पति एवं विकास सम्बन्धी मान्यताओं को स्पष्ट करते हुए लौकिक संस्कृत से इसकी तुलना कीजिए। 10

अथवा

हिन्दी की विभाषाएँ ब्रजभाषा तथा राजस्थानी का भाषा वैज्ञानिक परिचय दीजिए।

प्र. 4. हिन्दी में उपसर्ग एवं प्रत्यय के योगदान को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

अर्थ परिवर्तन के कारणों का उल्लेख कीजिए।

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(i) देवनागरी लिपि की विशेषताए बताइये?

(ii) हिन्दी में कम्प्यूटर के उपयोग व क्षेत्र पर प्रकाश डालिए।

(iii) ध्वनि का वर्गीकरण किन आधार पर होता है?

(iv) शब्द और पद के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(v) विश्व के भाषा परिवारों में मारोपीय भाषा परिवार का महत्व बताईये।

(vi) राजभाषा के रूप में हिन्दी भाषा की समीक्षा कीजिए।

(vii) हिन्दी ध्वनि समूह को स्पष्ट कीजिए।

(viii) डॉ ग्रियर्सन का संशोधित वर्गीकरण आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के संदर्भ में बताईये।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 20 x 1 = 20

(i) राष्ट्र भाषा किसे कहते है?

(ii) प्रोक्ति विज्ञान किसे कहते है?

(iii) 'भाषा' शब्द किस धातु से बना है?

(iv) 'आत्मने पद' का क्या अर्थ है?



(v) मूर्धन्य व्यंजन लिखिए?

(vi) अर्द्धभागधी की कोई एक विशेषता बताइए?

(vii) सु उपसर्ग का एक उदाहरण लिखिए।

(viii) उत्तम पुरूष सर्वनाम का उदाहरण बताइये?

(ix) देवनागरी लिपि की एक कमी बताईये?

(x) सर्जनात्मक भाषा किसे कहते है?

(xi) सी.पी.यू. कम्प्यूटर का कौनसा तंत्र है?

(xii) वेबसाइट क्या है?

(xiii) सूत्र लिपि का अभिप्राय क्या है?

(xiv) सबसे प्राचीन लिपि कौन सी है?

(xv) निषेधात्मक वाक्य का उदाहरण लिखिए।

(xvi) शब्द किसे कहते है?

(xvii) मूर्धन्य निभय का उल्लेख किसमें मिलता है?

(xviii) कार्ल वर्नर किस भाषा के भाषा शास्त्री थे?

(xix) घोष वर्ण कौन–कौन से है?

(xx) अल्पप्राण ध्वनि का एक उदाहरण लिखिए।

(xxi) काकल ध्वनि कौन सी है?

(xxii) किसी भारतीय भाषा वैज्ञानिक का नाम बताईये।

(xxiii) मेवाती बोली कहां प्रचलित है?

♦♦♦

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2016

**(पत्राचार पाठ्यक्रम)**

**विषय : हिन्दी**

**अष्टम पत्र : लोक साहित्य**

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3 x 15 = 45

(i) लोक साहित्य के अध्ययन में पाश्चात्य सम्प्रदाय के चिंतन के महत्त्व को उद्घाटित कीजिए।

(ii) लोक साहित्य के अध्ययन में लोक मानस का महत्त्व उद्घाटित कीजिए।

(iii) लोकवार्ता का क्षेत्र विस्तार समझाइए।

(iv) लोक साहित्य के अध्ययन में धर्म, दर्शन और मनोविज्ञान की क्या भूमिका हैं?

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5 x 4 = 20

(i) लोक नाटकों का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए?

(ii) लोककथाओं का वर्गीकरण कीजिए।



कृ.पृ.उ.

(iii) लोकगीतों का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

(iv) कथा मानक को स्पष्ट कीजिए।

(v) लोक गाथाओं की व्युत्पति विभिन्न मान्यताओं का परिचय दीजिए।

(vi) संस्कृति किसे कहते हैं? एवं लोक संस्कृति से क्या तात्पर्य है?

(vii) 'राजस्थानी लोक गीतों में नारी भावना का हृदयस्पर्शी चित्रण हुआ है।' उदाहरण देकर इस कथन की व्याख्या कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए।

15 x 1 = 15

(i) गवरी किसका मेरूनाट्य है और यह कब तक चलता है?

(ii) राजस्थान में शेखावाटी की गींदड़ कहाँ–कहाँ खेली जाती है?

(iii) 'टोटम' क्या है?

(iv) 'मांडणा' किसे कहते है?

(v) 'ऊब छठ' से क्या तात्पर्य है?

(vi) वीरपुरी मेला कहाँ लगता है?

(vii) सीताबाड़ी का मेला कहाँ लगता है?

(viii) 'खंजड़ी' क्या होती है?



(ix) 'मिथ' से क्या तात्पर्य है?

(x) राजस्थान में महापुरूषों के नाम लिखिए।

(xi) पाबूजी के माटे किसे कहते हैं?

(xii) लोकगीत की सर्वमान्य परिभाषा दीजिए।

(xiii) दलितों और अछूतों के उद्धारक देवता कौनसे है?

(xiv) राजस्थान की लोकदेवियों के नाम लिखिए।

(xv) काव्य की दृष्टि से राजस्थान के लोकनाट्यों का वर्गीकरण किसने किया?

(xvi) ब्रह्मा जी का मंदिर कहां है?

(xvii) राजस्थान के प्रचलित ख्यालों के नाम बताइये।

(xviii) जीण माता का जन्म स्थान कहां था?

(xix) संत जंभेश्वर का जन्म कहां हुआ था?

(xx) लोकनाट्य कितने प्रकार के होते हैं?

♦♦♦

capital provided by owners and lenders can be regulated by management or particular significance is the budgetary control of costs and expenses. when budgets are drawn, managers concerned are required to justify their requirements. The budget provision of expenses becomes standards which set the limit of expenditure. The actual expenses and performance are compared with the budget standards at specified intervals.

♦♦♦





# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।*

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। 3 x 10= 30

(i) अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी सीमाओं पर विस्तृत प्रकाश डालिये।

(ii) अनुवाद की प्रक्रिया पर विस्तार से विचार कीजिए।

(iii) स्रोत भाषा के पाठ के विश्लेषण एवं उसके अर्थ ग्रहण की प्रक्रिया को सोदाहरण समझाइए।

(iv) वैज्ञानिक अनुवाद से आप क्या समझते हैं? इसकी प्रक्रिया को विस्तृत रूप से समझाइए।

(v) अनुवाद की सार्थकता, प्रासंगिकता एवं इसके व्यावसायिक परिदृश्य पर विचार कीजिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4= 20

(i) पाठधर्मी अनुवाद से आप क्या समझते है?

(ii) अनुवाद किस रूप में विज्ञान है?

(iii) ''वाक्य अर्थ सम्प्रेषण की इकाई है।'' स्पष्ट कीजिये।

(iv) न्यूमार्क द्वारा प्रस्तावित प्रारूप में अनुवाद प्रक्रिया की दो दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

(v) अनुदित पाठ का पुनर्गठन किस प्रकार किया जाता है?

(vi) विधिक अनुवाद की क्या–क्या समस्याएं हैं?

(vii) विज्ञापनी प्रयुक्ति से आप क्या समझते हैं?

(viii) शाब्दिक अनुवाद से आप क्या समझते है?

(ix) अनुवाद में कोश की क्या उपयोगिता है?

(x) आशु अनुवाद पर विचार प्रकट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए। 10 x 1= 10

(i) कैटफोर्ड द्वारा दी गई अनुवाद की परिभाषा लिखिए।

(ii) प्रतीकान्तरण किसे कहते हैं?

(iii) अनुवादक के दो विशेष गुण बताइए।



(iv) पदबन्ध किसे कहते हैं?

(v) दुभाषिया से क्या तात्पर्य है?

(vi) समतुल्यता से आप क्या समझते है?

(vii) अनुवाद में शैली का क्या महत्व है?

(viii) वाणिज्यिक प्रयुक्ति से आप क्या समझते है?

(ix) दो सरकारी संचार माध्यमों के नाम बताइए।

(x) अनुवाद में वस्तुनिष्ठता से आप क्या समझते है?

(xi) 'थिसारस' और 'शब्दकोश' में क्या अन्तर है?

(xii) मशीनी अनुवाद की दो कमियां बताइए।

(xiii) आंशिक अनुवाद किसे कहते हैं?

(xiv) छायानुवाद से आप क्या समझते हैं?

(xv) श्रीधर पाठक ने ऑलिवर गोल्डस्मिथ की काव्यकृति 'हरमिट' का अनुवाद हिन्दी में किस नाम से किया?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। 20

Budgetary control which follows budget preparation serves the purposes of controlling income, expenses, costs and profits. It is also a device whereby cash and liquidity as well as the amount of

# एम.ए. (उत्तरार्द्ध) परीक्षा - 2016

## (पत्राचार पाठ्यक्रम)

## विषय : हिन्दी

## दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 80

*निर्देश :सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।*

**आलोचनात्मक प्रश्न** 4 x 10 = 40

प्र. 1. ''आर्थिक परिदृश्य के वर्तमान दौर में वह भाषा टिकेगी जिसका जीविकोपार्जन से सशक्त संबंध हो।'' कथन की समीक्षा कीजिए।

अथवा

कार्यालयी हिन्दी के प्रमुख प्रकार्यों का उल्लेख कीजिए।

प्र. 2. अनुवाद के गुण बताइए।

अथवा

बैंक, रेलवे और विधि के पारिभाषिक शब्दों से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित समझाइए।

प्र. 3. कम्प्यूटर के विविध अंगों की जानकारी देते हुए कम्प्यूटर की अर्थवता बताइए।

अथवा

प्रमुख प्रेस कानूनों की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।

प्र. 4. कार्यालयी अनुवाद क्या है? इसके विभिन्न प्रकार बताइए।

अथवा

समाचार लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 4 = 20

(i) जन भाषा हिन्दी की यात्रा का वर्णन कीजिए।

(ii) प्रारूपण क्या है?

(iii) इंटरनेट क्या है?

(iv) प्रूफरीडर के गुण बताइए।

(v) समाचार के तत्त्व बताइए।

(vi) वैकल्पिक पत्रकारिता क्या है?

(vii) रिपोर्ताज क्या है?

(viii) अनुवादक की आंतरिक समस्याएं क्या है?

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 20 x 1 = 20

(i) विज्ञापन क्या है?

(ii) रिपोर्ताज क्या है?



(iii) रेडियो समाचार क्या है?

(iv) एंकर बाइट क्या है?

(v) इंटरनेट पत्रकारिता क्या है?

(vi) व्यावहारिक अनुवाद क्या है?

(vii) कार्यालयी अनुवाद की आवश्यकता क्या है?

(viii) खोजपरक पत्रकारिता क्या है?

(ix) वैज्ञानिक, तकनीकी तथा प्रौद्योगिकी अनुवाद क्या है?

(x) हिन्दी नेट पत्रकारिता का महत्व बताइए।

(xi) कॉपीराइट अधिनियम 1957 क्या है?

(xii) सम्पादन के तत्व क्या है?

(xiii) मातृभाषा क्या है?

(xiv) वेबसाइट निर्माण प्रणाली क्या है?

(xv) पटकथा लेखन क्या है?

(xvi) हिन्दी सॉफ्टवेयर पैकेज क्या है?

(xvii) विज्ञापन लेखन की विशेषताएं बताइए।

(xviii) रेडियोनाटक की विशेषता बताइए।

(xix) समाचार लेखनकला की विशेषता बताइए।

(xx) समाचार का शीर्षक कैसा होना चाहिए?

(xxi) अनुवादक की बाह्य समस्याएं क्या हैं?

(xxii) टेली ड्रामा क्या है?

♦♦♦